## सार-समाचार

### ठाकुर मंदिर की वर्षगांठ मनाई

**जालोर**, (कां)। प्रजापत समाज जालोर की ओर से ठाकुर मंदिर की 15वीं वर्षगांठ मनाई जाएगी। मारू कुम्हार समाज जालोर की बैठक का आयोजन कुम्हारों की फलानी जालोर पर किया गया। समाज के महेन्द्र राठौड ने बताया की शहर में स्थित कुम्हार की फलानी पर राधा कृष्ण मंदिर का 15वा वार्षिकोत्सव मारू कुम्हार समाज द्वारा मनाया जाएगा। समारोह में ध्वजा के लाभार्थी परिवार की तरफ से सुबह मंदिर पर ध्वजा चढाई जाएगी। इसके साथ ही वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना की जाएगी। समारोह में साधु संतों का आशीर्वाद रहेगा। जिसमें गंगानाथ महाराज, रणछोड भारती महाराज, लाल भारती महाराज, सेवा भारती महाराज, हरि नाथ महाराज, सोमपुरी महाराज, रतन भारती महाराज की उपस्थिति रहेगी। जिन भामाशाहों ने वार्षिकोत्सव के तहत चढावे लिए है। उन सभी भामाशाहों का बहुमान किया जाएगा। इस दौरान महा आरती का भी आयोजन किया जाएगा। इसके पश्चात् महाप्रसादी का कार्यक्रम होगा। आगामी आयोजित होने वाली वर्षगांठ के चढावों की बोलियां बोली जाएगी। इन भामाशाहों के परिवार शिवलाल देवडा, जवानराम बागरेचा, उत्तम चंद देवडा, पोसाराम पोनेचा, भोमाराम टांक, भीकाराम चांदोरा, मदनलाल देवडा, पूराराम देवडा, नाथूराम देवडा, सकाराम पोनेचा, भोमाराम देवडा, फुलाराम परमार, लुंबाराम देवडा, कांतिलाल टांक, प्रतापराम बडवाल का बहुमान किया गया। बैठक में चंपालाल देवडा, शिवलाल देवडा, मंगलाराम सियोटा, जीवाराम पोणेचा, सूजाराम टांक, बगाराम देवडा, वीरमाराम पोनेचा, मोहनलाल देवडा, अचलाराम देवडा, दिनेश ओसवाल, महेन्द्र राठौड,पुखराज देवडा, फुलाराम, विपुल, पुखराज टांक,लक्ष्मण, यशवंत, गोपाराम,मुकेश, सहित कई जने उपस्थित रहे।

### 15 मेडिकल फर्मो के अनुज्ञापत्र निलंबित

**जालोर**, (कासं)। सहायक औषधि नियंत्रक जालोर भरत गोस्वामी द्वारा एनडीपीएस घटक युक्त औषधियों के दुरूपयोग को रोकने के लिए चलाये गये अभियान के तहत किये गये निरीक्षण के दौरान 15 मेडिकल फर्मों में एनडीपीएस घटक युक्त औषधियों का विक्रय करने सहित अन्य अनियमितता पाये जाने पर उनके औषधि अनुज्ञापत्र अलग-अलग अवधि के लिए निलंबित किए गए हैं। सहायक औषधि नियंत्रक जालोर भरत गोस्वामी ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार माह मई-2024 में 15 मई से 22 मई तक एनडीपीएस घटक युक्त औषधियों के दुरूपयोग को रोकने के लिए चलाये गये अभियान के तहत जालोर व सांचौर जिले में स्थित मेडिकल स्टोर्स पर एनडीपीएस घटक युक्त औषधियों के दुरूपयोग को रोकने के लिए औषधि नियन्त्रण अधिकारी जालोर श्रीमती पुष्पा सोलंकी ने जिले में स्थित विभिन्न 22 मेडिकल स्टोर का निरीक्षण किया गया। जिनमें से कुछ दुकानों पर रजिस्टर्ड फार्मासिस्ट, कम्पीटेन्ट व्यक्ति अनुपस्थित पाये गये तथा कुछ फर्मों द्वारा एनडीपीएस घटक युक्त औषधियों, ट्रामाडोल, कौडीन, अल्प्राजोलम, क्लोनाजेपम व अन्य प्रकार की औषधियों का विक्रय करना पाया गया तथा विवरण प्रस्तुत नहीं किया गया साथ ही शैड्यूल एच-1 रजिस्टर का संधारण करना नहीं किया गया जिस पर 15 फर्मों के औषधि अनुज्ञापत्रों को अलग-अलग अवधि के लिए निलंबित किया गया है।

### मुख्य चौराहे की समस्याओं पर चर्चा की

**धोरीमना**, (निसं)। उपखंड कार्यालय में धोरीमना के मुख्य चौराहे की तमाम प्रकार की समस्याओं एव धोरीमना कस्बे में एनसाआई से संबंधित एव कस्बे में ट्रैफिक यातायात संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए बैठक उपखंड अधिकारी की अध्यक्षता मे बैठक आयोजित की गई। उपखंड अधिकारी धीरेंद्र सिंह सोनी तहसीलदार किरण सिंगारिया, भंवरसिंह जादौन, एडिशनल बीडीओ एनसाआई सक्षम गर्ग, प्रोजेक्ट मैनेजर एनसाआई सोनाराम, साइट इंजीनियर थाना अधिकारी माणकराम बिश्नोई, ग्राम विकास अधिकारी मोहनलाल बिश्नोई पटवारी किसनाराम भाजपा नेता अनिल सेङ्गिया व्यापार मंडल अध्यक्ष जगदीश छाजेड पूर्व उपप्रधान जय राम कुलदीप। उपसरपंच प्रतिनिधि चंनणाराम मेघवाल आदि द्वारा भाग लिया। उपखंड अधिकारी धीरेंद्र सिंह सोनी द्वारा दिए गए निर्देशानुसार प्रत्येक दुकानदार दुकान का कचरा कचरा पात्र में ही डालेगा।

# बजट घोषणाओं के बकाया कार्यों को शीघ्र पूर्ण करें : पार्थ

**जालोर**, (कासं)। जिला कलैक्टर पूजा पार्थ ने कहा कि विभागीय अधिकारी अपने-अपने विभाग की बजट घोषणा 2024-25 तथा 100 दिवसीय कार्ययोजना की प्रभावी क्रियान्विति सुनिश्चित करते हुए बकाया कार्यों को शीघ्र पूर्ण करें।

जिला कलैक्टर पूजा पार्थ ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला परिषद द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना, पंचायत भवन निर्माण, अमृत सरोवर सहित ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग की विभिन्न योजनाओं की प्रगति देखते हुए निर्धारित समयसीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, उद्यान, समेकित बाल विकास योजना, वन, पशुपालन, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, स्वायत्त शासन विभाग, आयुर्वेद व सहकारिता विभाग की बजट घोषणाओं एवं 100 दिवसीय कार्ययोजना की प्रगति की समीक्षा कर योजनाबद्ध तरीके से लक्ष्यानुरूप प्रगति अर्जित करने की बात कही। जिला कलैक्टर ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को चिकित्सालय प्रबंधन को लेकर दैनिक मैनेजमेंट टीम का गठन कर उसकी नियमित बैठक कर चिकित्सीय सुविधाओं को और अधिक बेहतर बनाने के निर्देश दिए।

बैठक में उन्होंने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को रेस्टोरेंट व ढाबों पर सैंपलिंग लेने व लाईसेंस की जांच करने, डेंगू बीमारी की संभावना के मध्यनजर जलाशयों में छिड़काव, दवाईयों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया।

उन्होंने आंगनवाड़ी केन्द्रों की मरम्मत एवं गैस कनेक्शन करवाने, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत बकाया क्लेम का भुगतान करने, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, पीएम स्ट्रीट वेण्डर योजना के तहत पंजीकरण करवाने तथा श्री अन्नपूर्णा रसोई योजना के संबंध में जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक निर्देश दिए।

जिला कलक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों को सरकारी भवनों के छतों पर सोलर पैनल के प्रस्ताव बनवाकर भेजने के भी निर्देश दिए।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर शिवचरण मीना, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जवाहर चौधरी, उप वन संरक्षक देवेन्द्र सिंह भाटी, डिस्कॉम के अधीक्षण अभियंता पी.एस.राठौड़, सार्वजनिक निर्माण विभाग के एसई चतुर्भज खुडीवाल, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता आर.सी.मीना, सीएमएचओ डॉ. रमाशंकर भारती, पीएमओ डॉ. पूनम टांक, जिला रसद अधिकारी आलोक झरवाल, महिला एवं बाल विकास विभाग के उप निदेशक दुर्गसिंह उदावत सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

वही जिला कलैक्टर पूजा पार्थ की अध्यक्षता में वर्षा जल संरक्षण संचयन कार्यों के लिए की जाने वाली कार्ययोजना के क्रियान्वयन तथा विभिन्न विभागों के कार्यों की प्रगति की समीक्षा को लेकर बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में जिला कलैक्टर पूजा पार्थ ने जल संरक्षण को लेकर रैन वॉटर हार्वेस्टिंग की मरम्मत करवाने, छतों, नालों, बावड़ियों व तालाबों की साफ-सफाई करवाने, बहाव क्षेत्र की रूकावटों को दूर करने के निर्देश दिए। उन्होंने आगामी वर्षा ऋतु को देखते हुए वर्षा जल संरक्षण एवं संचयन कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण करने बात कही।

### थाने में प्राइवेट पार्ट काटा

**पोकरण**, (निसं)। पोकरण शहर के थाने में एक युवक ने ब्लेड से प्राइवेट पार्ट काटकर सुसाइड का प्रयास किया। युवक को महिला के साथ बदसलूकी और रेप की कोशिश के आरोप में हिरासत में लिया गया था। घटना के बाद युवक को अस्पताल में भर्ती करवाया गया। मामला सोमवार सुबह 6 बजे का है। घटना की सूचना के बाद एएसपी गोपाल सिंह भाटी, डिप्टी भवानी सिंह और पोकरण थानाधिकारी राजूराम विश्नोई अस्पताल पहुंचे।

पोकरण थानाधिकारी राजूराम विश्नोई ने बताया कि रविवार रात 10 बजे एक महिला के साथ छेडछाड और रेप की कोशिश के मामले में पोकरण रोडवेज बस स्टैंड से युवक अब्दुल वाशीद (35) को हिरासत में लिया गया था। जब उसे हिरासत में लिया गया था तो उसने अपने बैग से एक ब्लेड निकालकर जेब में रख लिया।

आरोपी युवक अब्दुल सोमवार को सुबह नित्यकर्म के लिए थाने के शौचालय में कॉनिस्टेबल के साथ गया था। इस दौरान उसने ब्लेड से खुद का प्राइवेट पार्ट काट दिया।जिसकी जानकारीमिलते ही बाद 108 एंबुलेंस को सूचना दी गई।

# विभागीय कार्य योजनाओं में प्रगति लाएं : मंत्री

**पाली**, (नि.सं.)। जिला कलेक्टर एल एन मंत्री की अध्यक्षता में सोमवार को जिला कलेक्टर कार्यालय में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार उन्होंने विभागवार विभिन्न विभागों के कार्यो की समीक्षा की जिसमें सूर्य घर योजना, ई-फाइलिंग सुशासन, विभागीय लक्ष्यों कार्यों योजनाओं की प्रगति के बारे में समीक्षा की जिसमे मुख्यत: जिले मे पेयजल, बिजली, चिकित्सा पर मुख्य रूप से फोकस रहा।

बैठक में पेयजल वितरण, स्थिति आदि के बारे में पानी की टंकीयो की सफाई, हैंडपम्प ट्यूबवैल के बारे में, पानी की टंकीयों की सफाई, विद्युत विभाग के कार्यों प्रगति के बारे में व चिकित्सा विभाग में मौसमी बीमारियों के बारे में पानी, शौचालयों की स्थिति, आयुष्मान कार्ड वितरण, हीटवेव के प्रभाव के बारे में व शुद्ध आहार के लिये मिलावट पर कार्रवाई करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही उन्होंने बारिश में नालियों की सफाई, जलठाहण विकास के बकाया कार्यों के बारे में, एमजेएसए के कार्य, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, वन विभाग स्कूल शिक्षा, यूनिफार्म वितरण, दूध वितरण, आधार सीडींग, साईकिल वितरण, राजश्री योजना आदि के विभागीय कार्या की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिये।

बैठक में जिला कलक्टर ने आने वाले बारिश के मौसम में पौधारोपण के बारे में विस्तार से चर्चा कर लक्ष्य के बारे में दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर उन्होंने बैठक में पौधारोपण के लिये गामीण विकास व अन्य महत्वपूर्ण प्रमुख विभागों के साथ पौधारोपण अभियान में उनकी व जनभागीदारी के लिये चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिये। इस अवसर पर जिला परिषद सीईओ नन्दकिशोर राजौरा ने इस बारे में विस्तार से इस अभियान की व लक्ष्य के बारे में उपलब्ध पौधो के बारे में जानकारी दी। एलएन मंत्री की अध्यक्षता में सोमवार को जिला पर्यटन विकास समिति की बैठव में विभिन्न बिन्दुवार एंजेडा पर चर्चा की व पर्यटन विकास की संभावानाओं के बारे में फीड बैक लिया गया। पर्यटन विभाग की सहायक निदेशक, डॉ सरिता फिडौदा ने बैठक का एजेंडा प्रस्तुत कर चर्चा की।

जिनमें जिले में बजट घोषणाओं के तहत कार्यो की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिये। सोजत किले का सरंक्षण व किले में पर्यटकीय आधारभूत सुविधाओं व वर्तमान स्थिति व आउवा स्थित मन्दिरों का संरक्षण, विकास व नाडोल स्थित प्राचीन बावड़ियों यथा रानीवाव, कथवारी वाव, कुमुदरी वाव, लावा मामा वाव, धुँआ वाव की साफ-सफाई और संरक्षण व रणकपुर बाँध एवं नरवाणियाँ बाँध के लिए एप्रोच रोड़ के बारे में जानकारी दी। बैठक में इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर, सीलींग, भवानी सिंह, यूआईटी सचिव डॉ पूजा सक्सेना, आर्कियोलोजी, पुलिस आदि सम्बधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### पत्नी को टॉर्चर करने का आरोपी पकड़ा

**बालोतरा**, (निसं) पति ने शारीरिक और मानसिक तौर पर इतना टॉर्चर किया कि पत्नी ने ट्रेन से कटकर सुसाइड कर लिया। घटना के 20 दिन बाद सोमवार को पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया। बाकी आरोपियों की तलाश की जा रही है। मामला बालोतरा जिले के समदडी थाना इलाके का है। एसपी कुंदर कंवारिया ने बताया- समदडी कस्बे के देवडा गांव में रहने वाले केसाराम पुत्र वीराराम ने पिछले महीने 20 मई को रिपोर्ट दी थी। रिपोर्ट में बताया कि उसका दामाद राजूराम बेटी ममता को दहेज के लिए टॉर्चर करता था और शारीरिक व मानसिक रूप से परेशान करता था। तंग आकर बेटी ने 20 मई को ट्रेन से कटकर जान दे दी। ममता के पिता केसाराम ने बताया- बेटी की शादी 8 साल पहले फूलण गांव में रहने वाले राजूराम पुत्र रुपनाथराम के साथ हिंदू रिति-रिवाज से की थी। शादी के बाद से ही ममता का पति राजूराम, ससुर रुघनाराम, जेठ सूजाराम, सास और जेठाणी दहेज के लिए मारपीट करते थे।परिवार के सभी लोग बेटी को शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताडित और मारपीट करते थे। 20 मई को ममता खेत से 500 मीटर दूर पटरी पर गई और ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी। आरोपियों ने बेटी को सुसाइड के लिए मजबूर किया। एसपी कुंदर कंवारिया ने बताया- मामला दर्ज होने के बाद समदडी थाना पुलिस ने मौका मुआयना किया। जांच पडताल की गई। इसके बाद पुलिस टीम ने तकनीकी और मुखबिर से मदद से आरोपी राजूराम पुत्र रूघनाथराम निवासी फूलण को गांव फूलण से पकड लिया। पूछताछ में राजूराम ने जुर्म स्वीकार कर लिया। पुलिस ने राजूराम को गिरफ्तार कर लिया है। बाकी लोगों को तलाश कर रहे हैं। कार्रवाई में कॉन्स्टेबल रेंवत सिंह, संदीप कुमार, मोहनलाल, जेठमाल सिंह शामिल रहे।

### निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करें : चौहान

**बालोतरा**, (निसं) अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला बालोतरा भुवनेश्वर सिंह चौहान ने ग्राम पंचायत माधासर पंचायत समिति बायतु में निर्माणाधीन सामुदायिक शौचालयो का निरीक्षण किया पंचायत समिति बायतु में सबसे अधिक सामुदायिक शौचालय स्वीकृत हुए लेकिन अभी तक 45 शौचालयों का निर्माण पूर्ण नहीं हो पाया है विकास अधिकारी पंचायत समिति बायतु और स्वच्छ भारत मिशन के प्रभारी को निर्देशित किया कि जून माह में विशेष अभियान चलाकर इन सभी शौचालयो को आवश्यक रूप से पूर्ण करवाएं साथ ही राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक घर में व्यक्तिगत शौचालय हो तथा परिवार के लोग उनका उपयोग करें यह सुनिश्चित करने के लिए किसी भी परिवार के शौचालय नहीं है तो तत्काल ग्राम पंचायत में प्रार्थना पत्र देकर स्वीकृति जारी करवाए एवं उदयीमान उज्जवल और मॉडल पंचायत के रूप में ग्राम पंचायत को विकसित करें हर नागरिक का यह कर्तव्य है कि वह स्वयं के घर के साथ-साथ मोहल्ले एवं गांवों की स्वच्छता का भी विशेष ध्यान रखें तथा स्वच्छता हेतू चलाए जा रहे अभियान में पूर्ण भागीदार बनें ग्राम पंचायत माधासर में तीन सामुदायिक शौचालय का निरीक्षण किया गया।


**आम सूचना**

हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवकिल श्री दिलीप जोधवानी पुत्र श्री लीला राम निवासी- हुकुम गिरी की गली रेलवे स्टेशन जालोर जिला जालोर। का दुकान नम्बर 22 बनाप 255.94 वर्गफीट तिलक द्वार के बाहर हैड पोस्ट ऑफिस रोड जालोर में आया हुआ हैं। उक्त मकान का पट्टा जरिये विक्रम पत्र संख्या 88 सन 1957 दिनांक 18.12.1957 अनुसार कार्यालय नगर पालिका जालोर द्वारा सरदारमल उकचन्द बेटा पोता भलेचन्द के हक वनाम से बनाव 63 ||| वर्गगज का जारी किया हैं। सरदारमल पुत्र स्व श्री भलेचन्द का देहान्त दिनांक 18.01.1992 को हो चुका है तथा उनकी पत्नि श्रीमती सुकी देवी का देहान्त दिनांक 26.02.2009 को हो चुका है तथा उनके एक पुत्र श्री खुशाल का देहान्त 26.11.2000 को चुका है उनके उत्तराधिकारी वारिसान कस्तुरचन्द कुशाल (फौत) महेन्द्र कुमार पुत्र कमला पुत्री ही हैं स्व. श्री कुशाल के वारिसान हेमलता पत्नि रोशन पुत्र वीणा सुमन शिल्पा पुत्री ही है। उक्त मकान 1. कस्तुरचंद पुत्र स्व सरदामल 2. महेन्द्र कुमार कांनुगा पुत्र स्व सरदारमलजी 3. कमला पुत्री स्व सरदारमल पत्नि कनकराज 4. हेमलता कांनुगा पत्नि स्व श्री कुशालराज 5. रोशन कुशनराज जैन पुत्र स्व कुशालराज जैन 6. वीना जैन पुत्री स्व कुशलराज पत्नि अमत कुमार बी 7. सुमन कुमार वेद पुत्री स्व कुशलराज पत्नि अमित कुमार वेद 8. शिल्पा कुशलराजी जैन पत्नि स्व कुशलराज ने जरिये आम मुख्तीयारनामा दिनांक 15.08.2023 अनूसार उकचन्द पुत्र स्व भलेचंन्दजी को आम मुख्तीयार नियुक्त किया उक्त मकान उकचन्द पुत्र स्व. भलेचन्दजी के जरिये बहैसियत आम मुख्तीयार 1. कस्तुरचंद पुत्र स्व सरदामल 2. महेन्द्र कुमार कांनुगा पुत्र स्व सरदारमलजी 3. कमला पुत्री स्व सरदारमल पत्नि कनकराज 4. हेमलता कांनुगा पत्नि स्व श्री कुशालराज पत्नि अमत कुमार बी 5. रोशन कुशनराज जैन पुत्र स्व कुशलराज जैन 6. वीना जैन पुत्री स्व कुशलराजी पत्नि अमत कुमार बी 7. सुमन कुमार वेद पुत्री स्व कुशलराज पत्नि अमित कुमार वेद 8. शिल्पा कुशलराजी जैन पत्नि स्व कुशलराज ने जरिये रजिस्टर्ड लिखित बेचाननामा दिनांक 06.06.2024 अनुसार श्री दिलीप जोधवानी पुत्र श्री लीलाराम को 255.94 वर्गफिट बेचान कर दिया अब यदि उक्त सम्पति पर श्री दिलीप जोधवानी के स्वामित्व कब्जे उपरोक्त के विधिक उत्तराधिकारी व वारीसानों बाबत किसी भी व्यक्ति बैंक व वित्तिय संस्था को कोई भी आपत्ति हो तो 7 दिन के अन्दर-अन्दर मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता से नीचे लिखे पते पर सम्पर्क करे अन्यथा बाद गुजरने म्याद कोई भी आपत्ति मान्य नहीं होगी। सो सुचित रहे

दिनांक 10.06.2024

हंसमुख सोनी (एडवोकेट)
मो. 9649933322



JECRC UNIVERSITY
BUILD YOUR WORLD
Jaipur

NAAC
NATIONAL ASSESSMENT AND ACCREDITATION COUNCIL
NURTURING JECRC TALENT
JECRC Foundation
24 YEARS OF ACADEMIC EXCELLENCE

Admissions 2024-25

A Leading & Premier University in the Beautiful Land of Jaipur

Vibrant Campus Life with 16000+ Currently Enrolled Students

Grant Worth ₹ 12.9 Cr. Disbursed for Startups by JECRC Incubation Centre Under MeitY
MEITY STARTUP HUB

2008 Placement Offers for Graduates of 2024 as on 10th April

9th Rank among emerging multidisciplinary universities in India by the prestigious the week magazine
THE WEEK

1590 Best-in-Class internship in year 2024

OFFERING WORLD CLASS COURSES
(Masterfully Designed and Delivered in Collaboration with Corporates)

Engineering | Computer Applications | Business Studies | Sciences | Hospitality |
Mass Communication | Design | Law | Humanities & Social Sciences | Economics |
Allied Health Sciences | Liberal Studies | MBA for Working Professionals




JU DIFFERENTIATORS
- 2 Large Campuses.
- 25000+ Alumni in 35 Countries.
- Government funded research grant worth Rs. 15 Crore.
- 130 Patents filed and 107 Published.
- Students from 29 States and UTs.

INDUSTRY COLLABORATION
- Academic Collaboration with 40 top notch corporates to offer degree programme.
- 55+ Specialized Corporate programs in latest technologies like AI, Cloud, Data Science, Full Stack Web Development, Block Chain, Cyber Security, Software Product Engineering & many more.

BEYOND THE CLASSROOM
- Preferred choice for meritorious students of the country.
- 22 Student Clubs driven by Student Council.
- Makerspace - A Gravitating platform, Redefining Robotics & Automation.
- IAESTE LC - International internship platform.
- Mpower Cell - Fostering Mental Health Literacy.



#Design_by_JUTeam
SHAKUN

To know more about Admissions: TOLL FREE : 1800 120 5616 | Call: +91- 9116642285
For Liberal Studies Call : +91 98292 12396
MBA for Working Professionals Call : +91 - 91161 07504
Website : www.jecrcuniversity.edu.in